

## भाजपा नेता ने ठेकेदार को घसीटा, कपड़े फाड़े, जान से मारने की दी धमकी

रुड़की। **संवाददाता**। सत्ता के नशे में चूर एक एक भाजपा नेता ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के दफ्तर में जमकर गुंडागर्दी की। आरोप है कि भाजपा नेता एक ठेकेदार को टेंडर प्रक्रिया से बाहर करने के लिए उसे घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया और पिस्टल को हवा में लहराते हुए उसे गोली मारने की धमकी दी। डर के मारे दूसरे ठेकेदार इधर–उधर दुबक गए। भाजपा नेता ने ठेकेदार के कपड़े फाड़ डाले। इसके बाद कुछ ठेकेदारों ने शोर मचाया, पुलिस को सूचना दी तो भाजपा नेता जान से मारने की धमकी देते हुए अपने समर्थकों के साथ यहां से निकल गया। जबकि लोनिवि के कर्मचारियों ने अंदर से दरवाजे बंद कर लिए।

# शहर की सफाई व्यवस्था नगर निगम का दायित्व होता

## दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

हरिद्वार। **संवाददाता**

राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के क्षेत्रीय निदेशालय, कानपुर द्वारा हरिद्वार नगर निगम के सहयोग से सिडकुल स्थित होटल गार्डेनिया में अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2016 विषय पर आधारित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला – छः अपशिष्ट (कचरा) प्रबंधन नियम, (2016) का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए कैबीनेट मंत्री शहरी आवास विकास मदन कौशिक ने कहा कि किसी भी शहर की सफाई व्यवस्था नगर निगम का दायित्व होता है, किन्तु ऐसा नहीं कि किसी एक अधिकारी या कर्मचारी से पूरी व्यवस्था को संचालित किया जा सकता है। किसी भी संस्था की उन्न्ति में पूरी टीम को सहभागिता निभानी पड़ती है। हरिद्वार शहर के लिए यह और अधिक महत्वपूर्ण है। यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं, पर्यटकों तक स्वच्छ भारत स्वच्छ हरिद्वार का संदेश हमें देना होगा।

प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी अपने–अपने स्तर पर अपनी जिम्मेदारियों को समझें। नगर निगम केवल एमएनए से, कार्य निर्देशन से चलने से यह लक्ष्य प्राप्त नहीं होगा। यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिसका जो कार्य है, वह अपना कार्य ईमानदारी से करे। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी से कार्य करने से अच्छे परिणाम आते हैं।

केवल आठ घंटे कार्य करने मात्र से लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सकते। कई अधिकारी हैं जो पूरी जिम्मेदारी से कार्य करके राज्य को परिणाम दे रहे हैं। कौशिक ने भारत सरकार की रैंकिंग में पहले 50 से 100 में आने वाले नगर निकायों को पुरस्कार की घोषणा जो राज्य सरकार की ओर की गयी इसके लिए जुट जाने के लिए भली प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि हरिद्वार के कचरे निस्तारण को लेकर पेट्रोलियम मंत्री भारत सरकार गंभीर हैं। उन्होंने इस कचरे से पेट्रो पदार्थ बनाने की बात भी कही है। आयोजकों द्वारा श्री कौशिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर आयुक्त उदय राणा, अपर नगर आयुक्त नुपूर वर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री मदन कौशिक।

## सुपरफास्ट खबरें

### पंचायत चुनाव के संबंध में डीएम ने दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

अल्मोड़ा। **संवाददाता**। जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराने के लिये समस्त विकास खण्डों में विकास खण्डवार व न्याय पंचायतवार निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

### 27 से 28 तक रानीखेत के सोमनाथ ग्राउण्ड में भर्ती

अल्मोड़ा। **संवाददाता**। जिला अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि 27 से 28 सितम्बर तक रानीखेत के सोमनाथ ग्राउण्ड में यूनिट मुख्यालय कोटा के तहत भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती में भारत के समस्त राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश के सैनिक जीडी और ट्रेडमेन के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

### प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति

अल्मोड़ा। जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराने के लिये एवं विभिन्न व्यवस्थाओं को यथा समय सम्पादित किये जाने के लिये प्रभारी अधिकारियों एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

## दो दर्जन गांवों को जलापूर्ति करने वाले बौन्स्याड़ी गदेरा का अस्तित्व संकट में

# गदेरे को बचाने के लिये ग्रामीण और प्रशासन आया आगे

**संसाधनों के विकास, संरक्षण एवं उपयोग की कार्य योजना पर कार्य शुरू**

रुद्रप्रयाग। **संवाददाता**

रुद्रप्रयाग जिले में लोक पुरुषार्थ को जागृत एवं संगठित कर अपने संसाधनों के विकास, संरक्षण एवं उपयोग की एक महत्वपूर्ण कार्ययोजना पर काम शुरू हो गया है। लगातार सूखते जा रहे गधेरों, धारों को पुनर्जीवित कर, सदाबहार करने के सभी गांवों में प्रयास किये जा रहे हैं। जल संरक्षण के प्रति जन–जागरूकता अभियान भी चलाये जा रहे हैं और ग्रामीण समितियों का गठन किया जा रहा है। ये समितियां खंतियों, ताल–तलइयों का निर्माण कर उनके चारों तरफ उन्नत किस्म की घासों का रोपण करने के साथ ही गधेरे के दोनों ओर उपलब्ध भूमि पर चारापत्ती और अन्य स्थानीय उपयोग के वृक्षों का रोपण कर पानी, घास–चारा और ग्रामीण उद्यमों को कच्चा


बैठक में जानकारी देते हुये जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल।

माल उपलब्ध कराने की बहुमुखी योजना का क्रियान्वयन करेंगी।

नैणी देवी पर्वत शिखर से निकलकर अलकनंदा में विलीन होने वाला बौन्स्याड़ी गधेरा अपने तटवर्ती लगभग 2 दर्जन गांवों को जलापूर्ति करने का मुख्य आधार रहा है। जनसंख्या और उसकी बढ़ती जरूरतों का बोझ झेलते यह गधेरा अब दम तोड़ने की कगार पर पहुंच गया है, जिससे पानी के साथ ही चारा व लकड़ी का संकट बढ़ता जा रहा है। देश और दुनिया में जल–संकट के समाधान के अभिनव प्रयासों को स्वयं ग्रामीण आगे बढ़ाएं, इस विचार से जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने जिले के गधेरों को सदाबहार बनाने की योजना बौंस्याड़ी गधेरे के कायाकल्प से आरम्भ की है। इस योजना की विशेषता यह होगी कि कुछ दिशा–निर्देशों और मानकों के साथ स्थानीय ग्रामीण ही इसका क्रियान्वयन करेंगे, जिसमें उनके अनुभवजनित ज्ञान के साथ नवीन विज्ञान और प्रोद्यौगिकी का भी समन्वय होगा। इसके लिए नोडल एजेंसी सिंचाई विभाग को बनाया गया है, लेकिन वह केवल वित्तीय एवं तकनीकी मार्गदर्शन तक सीमित रहेगी। कार्ययोजना का संचालन ग्राम स्तर पर गठित समितियां करेंगी। इन समितियों का गठन भी जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने अपनी मौजूदगी में ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से कराया है और उन्हें भरोसा दिया है कि उन्हें पूरा सहयोग एवं संरक्षण दिया जाएगा।

समितियों का ब्यौरा देते हुए इस कार्यक्रम के संयोजक सतेंद्र सिंह भंडारी और नोडल अधिकारी प्रताप सिंह बिष्ट ने बताया कि इस कार्यक्रम से जुड़े गांवों, क्वीली, कुरझण और ढौढ़िक में उन्हीं गांवों की महिला मंगल दल की अध्यक्ष के नेतृत्व में नदी जल संरक्षण एवं संवर्द्धन समितियां गठित की गई हैं।

## प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास मनीषा पंवार ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया

**संवाददाता** अल्मोड़ा। दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास व उद्योग मनीषा पंवार ने आज जनपद के अनेक स्थानों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने हवालबाग स्थित आजीविका परियोजना द्वारा संचालित बेकरी का निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव ने निरीक्षण के दौरान कहा कि बेकरी में तैयार किये जा रहे स्थानीय उत्पाद अपने आप मे उच्च गुणवक्ता युक्त है। उन्होंने कहा कि महिला स्वायत्त सहकारिता द्वारा चलायी जा रही यह बेकरी एक अभिनव पहल है जिसमें स्थानीय उत्पादो को बढ़ावा दिये जाने के साथ–साथ महिलायें स्वालम्बन की ओर बढ़ रही है। इस दौरान उन्होंने बेकरी में तैयार किये जा रहे मंडुवे के बिस्कुट, केक, मफिन्स, पेस्टी आदि उत्पादों को देखा और कहा कि इन उत्पादों को देहरादून सहित अन्य महानगरों में निर्यात करने का प्रयास किया जायेगा। प्रमुख सचिव ने कहा कि उत्पादों की ब्रान्डिंग व पैकेजिंग को और अधिक बेहतर बनाने की जरूरत है।

# डीएम पहुंचे दूरस्थ क्षेत्र तोक पिनोनिया

## जनता दरबार लगाकर समस्याऐं सुनी

नैनीताल। **संवाददाता**

विकास खण्ड कोटाबाग के दूरस्थ क्षेत्र बगड़ तल्ला के तोक पिनोनिया पॉच किमी पैदल चलकर जनता की समस्या सुनने पहुंचे प्रातः 8.30 बजे जिलाधिकारी सविन बंसल। पिनौनिया पहुंचने वाले पहले जिलाधिकारी हैं। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम की मनसा को साकार कर जनता की समस्याऐं उनके घर पर सुनने व उनका मौके पर ही समाधान करने अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी सविन बंसल पिनौनिया पहुंचे। उन्होंने जनता दरबार लगाकर समस्याऐं सुनी व उनका निराकरण किया।

पिनौनिया वासियों की मुख्य सड़क समस्या थी गॉव वासियों द्वारा पंगूट–तल्ला बगड़ मोटर मार्ग को 4 किमी विस्तारित करते हुए पिनौनिया तक बनाने की मांग की। जिसपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोनिवि को शीघ्र सर्वे कर एससीपी योजना के अन्तर्गत राज्य सैक्टर में प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कुमारी भगवती आर्या के पिता की तीन माह पूर्व मृत्यु हो गई थी व अब घर में कमाने वाला कोई नहीं है। उन्होंने पारिवारिक पेंशन व आर्थिक सहायता की मांग की जिसपर डीएम ने समाज कल्याण अधिकारी को जनता दरबार में ही पारिवारिक पेंशन फार्म भरवा कर ही एक सप्ताह के भीतर पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश दिये साथ ही उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये।

पिताम्बर राम ने बताया कि उनका पुत्र संतोष कुमार जन्म से दिव्यांग है उसकी दिव्यांग पेंशन लगाने की मांग रखी जिसपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी शिविर में ही प्रार्थना पत्र पर रिर्पोट लगाकर समाज कल्याण अधिकारी को देने के निर्देश दिये साथ ही समाज कल्याण अधिकारी को भी तुरन्त पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश


डीएम जनसमस्याएं सुनते हुए।

दिये गये। लीलाराम ने किसान सम्मान मानधान योजना धनराशि न मिलने की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी कृषि अधिकारी को लीलाराम का खाता संख्या, आधार नम्बर व अन्य सूचनाऐं लेकर लभाविंत करने के निर्देश दिये।

चनरराम ने बच्चे के ईलाज हेतु आर्थिक सहायता की मांग की जिसपर जिलाधिकारी ने अपरमुख्य चिकित्साधिकारी को शिविर में बिमारी परीक्षण करते हुए उच्च चिकित्सालय में उपचार हेतु भेजने के निर्देश दिये।

# पांच छात्राओं ने शिक्षक पर लगाया यौन शोषण का आरोप

## मुकदमा दर्ज

**जांच शुरू**

रुड़की। **संवाददाता**

एक इंटर कॉलेज की पांच छात्राओं ने शिक्षक पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। छात्राओं के परिजनों ने मामले में शिक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में एक कॉलेज है। आरोप है कि कॉलेज में पढ़ने वाली इंटर की पांच नाबालिग छात्राओं के साथ शिक्षक धीरज गुप्ता निवासी सुनहरा रोड, कोतवाली गंगनहर कई दिनों से छेड़छाड़ और अभद्रता कर रहा था। शिक्षक ने गुरुवार को भी छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत की। साथ ही, विरोध करने पर उन्हें डरा धमकाकर चुप करा दिया। घर जाने के बाद छात्राओं ने परिजनों को मामले से अवगत कराया। इस मामले में शुक्रवार सुबह एक छात्रा की मां सिविल लाइंस कोतवाली पहुंची और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। इसके बाद कॉलेज की पीडित छात्राओं को भी कोतवाली बुलाया गया।

पुलिस ने छात्राओं से पूछताछ की तो छेड़छाड़ के आरोप सामने आए। पुलिस ने एक छात्रा के परिजनों की तहरीर पर कॉलेज के शिक्षक धीरज गुप्ता के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में शिक्षक से पूछताछ कर रही है। इसे लेकर कोतवाली परिसर में शिक्षकों की भीड़ लगी रही। इंस्पेक्टर अमरजीत ने बताया कि शिक्षक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की जाएगी। शिक्षक से पूछताछ की जा रही है।